This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

सोमवार, 20 जुलाई, 2015 / 29 आषाढ़, 1937

हिमाचल प्रदेश सरकार

राजस्व विभाग
(स्टाम्प–रजिस्ट्रीकरण)

अधिसूचना

शिमला–02, 14, जुलाई, 2015

संख्याः रैव0, स्टाम्प (ए)4–1 / 2011.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का अधिनियम संख्याक 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग

करते हुए, कृषकों द्वारा, सहकारी, राष्ट्रीयकृत और भारतीय रिजर्व बैंक से अनुज्ञप्ति प्राप्त प्राईवेट बैंकों से हिमाचल प्रदेश राज्य में कृषि प्रयोजनों के लिए अभिप्राप्त केवल 10.00 लाख रुपए (दस लाख रुपए) तक के कृषि ऋणों की बाबत निष्पादित, बिना कब्जा बन्धक पत्र की लिखितों पर उक्त अधिनियम के अधीन प्रभार्य समस्त स्टाम्प शुल्क में, इस अधिसूचना के राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तारीख से छूट देते है।

आदेश द्वारा,
तरूण श्रीधर,
अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व)।

———————

[*Authoritative English Text of the Notification No. Rev. Stamp(A)4-1/2011 dated 14/7/2015 as required under Article 348(3) of the constitution of India.*]

REVENUE DEPARTMENT
(Stamp-Registration)

NOTIFICATION

Shimla-171002, the 14th July, 2015

No. Rev. Stamp(A)4-1/2011.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (Act No. II of 1899), the Governor of Himachal Pradesh is pleased to remit the entire stamp duty chargeable under the said Act on instruments of mortgage without possession executed by the farmers in respect of agriculture loans upto Rs. 10.00 Lakh (Rs. Ten Lacs) only obtained from the Cooperative, Nationalized and Private Banks licensed by the Reserve Bank of India for agricultural purposes in the State of Himachal Pradesh from the date of its publication in the Rajpatra, Himachal Pradesh.

By order,
TARUN SHRIDHAR,
Addl. Chief Secy. (Revenue).

———————

राजस्व विभाग
(स्टाम्प–रजिस्ट्रीकरण)

अधिसूचना

शिमला–02, 14, जुलाई, 2015

संख्याः रैव0, स्टाम्प (ए)4–1/2011.——हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) की धारा 78 और 79 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आदेश देते है कि राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में तारीख 27 जनवरी, 2012 को प्रकाशित, इस विभाग की अधिसूचना संख्या रैव0–1–9 (स्टाम्प) 3/79/2010–II, तारीख 12, जनवरी, 2012 से उपाबद्ध ''टेबल ऑफ रजिस्ट्रेशन फीस के आर्टिकल–I'' की विधमान मद डी(vi)) के पश्चात्, राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में इसके प्रकाशन की तारीख से निम्नलिखित नई मद जोडी/अन्तरूस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"D(vi)(a) A fee of Rs. 10/-(Rupees ten) only shall be charged on instruments of mortgage without possession executed by the farmers in respect of agriculture loans upto

Rs. 10.00 Lakh (Rupees Ten Lacs) only obtained from Cooperative, Nationalised and Private Banks licensed by the Reserve Bank of India for agricultural purposes in the State of Himachal Pradesh".

आदेश द्वारा,
तरूण श्रीधर,
अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व)।

———————

[*Authoritative English Text of the Notification No. Rev. Stamp(A)4-1/2011 dated 14/7/2015 as required under Article 348(3) of the constitution of India*.]

REVENUE DEPARTMENT
(Stamp-Registration)

NOTIFICATION

Shimla-171002, the 14th July, 2015

No. Rev. Stamp(A)4-1/2011.—In exercise of the powers conferred upon him by sections 78 and 79 of the Registration Act, 1908 (XVI of 1908), the Governor, Himachal Pradesh is pleased to order that after the existing item D(vi) of Article 1 of the Table of Registration Fees annexed to this department Notification No. Rev. 1-9(Stamp) 3/79/2010-II, dated 12th January, 2012, published in the Rajpatra, Himachal Pradesh on 27th January, 2012, the following new item shall be added/ inserted, with effect from the date of publication of this notification in the Rajpatra, Himachal Pradesh, namely:—

"D(vi)(a) A fee of Rs. 10/-(Rupees ten) only shall be charged on instruments of mortgage without possession executed by the farmers in respect of agriculture loans upto Rs. 10.00 Lakh (Rupees Ten Lacs) only obtained from Cooperative, Nationalised and Private Banks licensed by the Reserve Bank of India for agricultural purposes in the State of Himachal Pradesh".

By order,
TARUN SHRIDHAR,
Addl. Chief Secy. (Revenue).

———————

राजस्व विभाग
(स्टाम्प–रजिस्ट्रीकरण)

अधिसूचना

शिमला–02, 14, जुलाई, 2015

संख्याः रैव0, स्टाम्प(ए)4–1 / 2011.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, भारतीय स्टांप अधिनियम, 1899 (1899 का अधिनियम संख्याक 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश के स्थायी छात्रों द्वारा, सहकारी, राष्ट्रीयकृत बैंकों से केवल 7.50 लाख रुपए (सात लाख पचास हजार रुपए) की अधिकत्तम सीमा के अध्यधीन, हिमाचल प्रदेश राज्य में निष्पादित की जाने वाली

आडमान की लिखतों, अर्थात् बिना कब्जा बन्धक पर, इस अधिनियम के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से, सम्पूर्ण स्टांप शुल्क में छूट देते हैं।

आदेश द्वारा,
तरूण श्रीधर,
अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व)।

———————

[*Authoritative English Text of the Notification No. Rev. Stamp(A)4-1/2011 dated 14/7/2015 as required under Article 348(3) of the constitution of India.*]

REVENUE DEPARTMENT
(Stamp-Registration)

NOTIFICATION

Shimla-171002, the 14th July, 2015

No. Rev. Stamp (A)4-1/2011.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899, (Act No. II of 1899), the Governor of Himachal Pradesh is pleased to remit the entire stamp duty on instruments of hypothecation i.e. mortgage without possession executed by the Bonafide Himachali students for raising education loans subject to a maximum of Rs. 7.50 lacs (Rupees seven lakh & fifty thousand) only from Cooperative, Nationalized and Private Banks licensed by the Reserve Bank of India, from the date of publication of this notification in the Rajpatra, Himachal Pradesh in the State of Himachal Pradesh.

By order,
TARUN SHRIDHAR
Addl. Chief Secy. (Revenue).

———————

राजस्व विभाग
(स्टाम्प–रजिस्ट्रीकरण)

अधिसूचना

शिमला–02, 14, जुलाई, 2015

संख्याः रैव0, स्टाम्प(ए)4–1 / 2011.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, भारतीय स्टांप अधिनियम, 1899 (1899 का अधिनियम संख्याक 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, स्वयं सहायता समूह द्वारा, सहकारी, राष्ट्रीयकृत बैंकों और भारतीय रिजर्व बैंक से अनुज्ञप्त प्राईवेट बैंकों से अभिप्राप्त किए गए 10.00 लाख रुपए (दस लाख रुपए) तक के ऋणों के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य में निष्पादित परस्पर करारों की लिखितों पर, इस अधिसूचना के राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तारीख से, उक्त अधिनियम के अधीन प्रभार्य सम्पूर्ण स्टांप शुल्क में छूट देते हैं।

आदेश द्वारा,
तरूण श्रीधर,
अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व)।

[*Authoritative English Text of the Notification No. Rev. Stamp(A)4-1/2011 dated 14/7/2015 as required under Article 348(3) of the constitution of India.*]

REVENUE DEPARTMENT
(Stamp-Registration)

NOTIFICATION

Shimla-171002, the 14th July, 2015

No. Rev. Stamp (A)4-1/2011.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899, (Act No. II of 1899), the Governor of Himachal Pradesh is pleased to remit the entire stamp duty chargeable under the said Act on the instruments of inter-se-agreements executed by the Self Help Groups for loans upto Rs. 10.00 Lakh (Rs. Ten Lacs) only obtained from the Cooperative, Nationalised and Private Banks licensed by the Reserve Bank of India from the date of publication of this notification in the Rajpatra, Himachal Pradesh in the State of Himachal Pradesh.

By order,
TARUN SHRIDHAR,
Addl. Chief Secy. (Revenue).

राजस्व विभाग
(स्टाम्प–रजिस्ट्रीकरण)

अधिसूचना

शिमला–02, 14 जुलाई, 2015

संख्याः रैव0, स्टाम्प (एफ)6–2 / 2010.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश राज्य में यथा लागू भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का अधिनियम संख्यांक 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उन समस्त मामलों में, जहां राज्य सरकार साधारणतया 1 / – रुपए के टोकन पट्टा भाटक पर भारतीय खाद्य निगम को हिमाचल प्रदेश राज्य में गोदामों का सन्निर्माण करने के लिए भूमि उपलब्ध करवा रही है, इस अधिसूचना के राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तारीख से सम्पूर्ण स्टांप शुल्क पर छूट प्रदान करते है।

आदेश द्वारा,
तरूण श्रीधर,
अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व)।

[*Authoritative English Text of the Notification No. Rev. Stamp(F)6-2/2010 dated 14/7/2015 as required under Article 348(3) of the constitution of India.*]

REVENUE DEPARTMENT
(Stamp-Registration)

NOTIFICATION

Shimla-171002, the 14th July, 2015

No. Rev. Stamp(F)6-2/2010.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (Act No. II of 1899) as applicable to the State of Himachal Pradesh, the Governor of Himachal Pradesh is pleased to remit the entire stamp duty in all cases where the State Government is providing land to the Food Corporation of India on a token lease rent of Rs. 1/- in general for constructing godowns in the State of Himachal Pradesh with effect from the publication of the notification in the Rajpatra, Himachal Pradesh.

By order,
TARUN SHRIDHAR,
Addl. Chief Secy. (Revenue).

राजस्व विभाग
(स्टाम्प–रजिस्ट्रीकरण)

अधिसूचना

शिमला–02, 14 जुलाई, 2015

संख्याः रैव0, स्टाम्प (एफ)6–2/2010.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश राज्य में यथा लागू रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) की धारा 78 और 79 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश देते हैं कि राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में तारीख 27 जनवरी, 2012 को प्रकाशित इस विभाग की अधिसूचना संख्या रैव0–1–9 (स्टाम्प) 3/79/2010–II, तारीख 12, जनवरी, 2012 से उपाबद्ध रजिस्ट्रीकरण फीसों की सारणी के अनुच्छेद–1 की विधमान मद संख्या D(vi)(c) के पश्चात्, राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से निम्नलिखित नई मद जोडी/अन्तरूस्थापित की जाएगी, अर्थात् :––

D(vi)(d) "A fee of Rs. 10/-(Rupees ten) only shall be charged in all cases where the State Government is providing land to the Food Corporation of India on a token lease rent of Rs.1/- in general for constructing godowns in the State of H.P".

आदेश द्वारा,
तरूण श्रीधर,
अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व)।

[*Authoritative English Text of the Notification No. Rev. Stamp(F)6-2/2010 dated 14-7-2015 as required under Article 348(3) of the constitution of India.*]

REVENUE DEPARTMENT
(Stamp-Registration)

NOTIFICATION

Shimla-171002, the 14th July, 2015

No. Rev. Stamp(F)6-2/2010.—In exercise of the powers conferred upon him by sections 78 & 79 of the Registration Act, 1908 (XVI of 1908), as applicable to the State of Himachal Pradesh, the Governor, Himachal Pradesh is pleased to order that after the existing item No. D(vi)(c) of Article 1 of the Table of Registration Fees annexed to this department Notification No. Rev. 1-9(stamp)3/79/2010-II, Dated 12th January, 2012, published in the Rajpatra, Himachal Pradesh on 27th January, 2012, the following new item shall be added/inserted with effect from the date of publication of this notification in the Rajpatra, Himachal Pradesh, namely:—

D(vi)(d) "A fee of Rs. 10/-(Rupees ten) only shall be charged in all cases where the State Government is providing land to the Food Corporation of India on a token lease rent of Rs.1/- in general for constructing godowns in the State of H.P".

By order,
TARUN SHRIDHAR
Addl. Chief Secy. (Revenue).

राजस्व विभाग
(स्टाम्प और रजिस्ट्रीकरण)

अधिसूचना

शिमला–2, 09 जुलाई, 2015

संख्याः रैव0 1–3 (स्टाम्प)7 / 80–III.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश न्यायालय फीस अधिनियम, 1968 (1968 का अधिनियम संख्यांक 8) की धारा 34 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:––

अध्याय–1

प्रारम्भिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.––**(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश न्यायालय फीस (ई–स्टांपिगं) नियम, 2015 है।

(2) ये नियम ई–गजट, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किए जाने की तारीख से प्रवृत्त होंगे;

2. **परिभाषाएं.––**(1) इन नियमों में, जब तक सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो;

(क) "अधिनियम" से हिमाचल प्रदेश न्यायालय फीस अधिनियम, 1968 (1968 का अधिनियम संख्यांक 8) अभिप्रेत है;

(ख) "करार" से नियम 6 के अधीन निष्पादित करार अभिप्रेत है;

(ग) "नियुक्ति प्राधिकरण" से हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है;

(घ) "प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र" से इन नियमों के नियम 12 और 13 के अधीन न्यायालय फीस के संग्रहण और ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण और न्यायालय फीस संदायकर्ता के बीच एक माध्यस्थ के रुप में अधिसूचित केन्द्र अभिप्रेत है;

(ङ) "केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण" से इन नियमों के नियम 3 और 4 के अधीन कम्प्यूटरीकृत न्यायालय फीस प्रशासन प्रणाली के लिए अधिसूचित अभिकरण अभिप्रेत है;

(च) "मुख्य नियन्त्रण प्राधिकारी" से वित्तायुक्त (राजस्व), हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है, और इसके अन्तर्गत रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा 3 के अधीन नियुक्त रजिस्ट्रीकरण महानिरीक्षक, हिमाचल प्रदेश आएगा यदि वह इस निमित्त उस द्वारा प्राधिकृत किया गया है;

(छ) "विभाग" से राज्य सरकार का राजस्व विभाग अभिप्रेत है;

(ज) "ई– न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र" से अधिनियम के अन्तर्गत प्रभार्य न्यायालय फीस के संदाय को दर्शाने हेतु नियम 27 के अधीन यथाविनिर्दिष्ट कागज पर केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा इलैक्ट्रोनिक रुप से जनित छपाई या टैम्पर प्रूफ प्रमाण–पत्र अथवा छपाई अभिप्रेत है;

(झ) "प्ररुप" से इन नियमों से संलग्न प्ररुप अभिप्रेत है;

(ञ) "शिकायत निवारण अधिकारी" से इन नियमों के नियम 39 में यथा विनिर्दिष्ट अधिकारी अभिप्रेत है;

(ट) ''उच्च न्यायालय'' से हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय अभिप्रेत है;

(ठ) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(ड) "राज्य सरकार" से हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है; और

(ढ) "राज्य" से हिमाचल प्रदेश राज्य अभिप्रेत है;

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं, किन्तु परिभाषित नहीं हैं, वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में और भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों में उनके हैं।

अध्याय–2

केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण

3. **केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण अधिसूचित करने के लिए पात्रता.**––भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियन्त्रित कोई लोक वित्तीय संस्थान या राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक, अथवा निगमित निकाय या संगठन या केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त और राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त, निक्षेप सेवाएं प्रदान करने में लगी हुई कोई कम्पनी या कोई निगमित निकाय, जहां उपरोक्त में से कोई इकाई या तो एकल या संकाय रुप में साधारण पूंजी का कम से कम इक्यावन प्रतिशत रखती हों, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रुप में अधिसूचित किए जाने हेतु पात्र होगी।

4. केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण.––नियुक्ति प्राधिकारी, मुख्य नियन्त्रण प्राधिकारी की सिफारिशों पर, अधिसूचना द्वारा, एक अभिकरण अधिसूचित करेगा, जिसे राज्य के लिए अथवा राज्य में विनिर्दिष्ट जिला(लों) या स्थानों के लिए अधिमान के निम्नलिखित क्रमों में से किसी को अंगीकार करके, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रुप में कार्य करने हेतु भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 2 के खण्ड (26) के अधीन विनिर्दिष्ट किया गया है, अर्थात्:––

(क) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण को अधिसूचित करने में केन्द्रीय सरकार की सिफारिशों, यदि कोई हों, के आधार पर;

(ख) ऐसी सिफारिशों के न होने पर, नियुक्त प्राधिकारी द्वारा सम्यक् रुप से गठित विशेषज्ञ चयन समिति के माध्यम से तकनीकी और वाणिज्यिक बोलियॉ आमन्त्रित करके।

5. केन्दीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण का कार्यकाल.––केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण का कार्यकाल पांच वर्ष या ऐसी अवधि के लिए होगा जैसी नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विनिश्चित की जाए।

6. करार और वचन–एवं–क्षतिपूर्ति बंध–पत्र.––(1) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण, मुख्य नियन्त्रण प्राधिकारी अथवा उसके द्वारा सम्यक् रुप से प्राधिकृत अधिकारी के साथ प्ररुप–I पर करार निष्पादित करेगा।

(2) करार के निबन्धन और शर्तें, दोनों पक्षकारों की पारस्परिक सम्मति द्वारा उपान्तरित की जा सकेंगी।

(3) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण, राज्य सरकार के पक्ष में 'वचन–एवं–क्षतिपूर्ति बंध–पत्र' प्ररुप–2 में निष्पादित करेगा।

7. कार्यकाल का नवीकरण.––(1) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण अवधि की नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा मुख्य नियन्त्रक अधिकारी की सिफारिशों पर नवीकरण किया जा सकेगा। केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा, इसके कार्यकाल की विधिमान्य अवधि के अवसान से पूर्व, उपयुक्त समय के भीतर, नियुक्ति प्राधिकारी को कार्यकाल के नवीकरण के लिए आवेदन करना होगा।

(2) मुख्य नियन्त्रण प्राधिकारी या नियुक्ति प्राधिकारी, नवीकरण के आवेदन पर विनिश्चय लेने से पूर्व कार्यकाल के नवीकरण के प्रयोजन के लिए केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के सम्बद्ध कार्यालयों से या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र से कोई सूचना अथवा अभिलेख मांग सकेगा।

(3) यदि नियुक्ति प्राधिकारी का समाधान हो जाता है, तो वह कार्यकाल का नवीकरण कर सकेगा आरै नियम 6 के अनुसार नया करार तथा वचन–एवं–क्षतिपूर्ति बंध–पत्र निष्पादित करेगा।

8. केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के कार्यकाल की समाप्ति.––(1) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के कार्यकाल को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा, नियत अवधि से पूर्व, किसी प्रकार के दायित्वों या यथास्थिति, करार के निबन्धनों या इन नियमों या अधिनियम के उपबन्धों के भंग होने पर या वित्तीय अनियमितताओं के आधार (आधारो) पर अथवा किसी अन्य पर्याप्त कारण से समाप्त किया जा सकेगा।

(2) उपनियम (1) के अधीन, कार्यकाल को तब तक समाप्त नहीं किया जाएगा,जब तक कि.––

(क) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण को ऐसी समाप्ति के आधार विनिर्दिष्ट करते हुए, एक मास का नोटिस न दे दिया गया हो; और

(ख) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान न कर दिया गया हो।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी की यदि यह राय है कि अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों का उल्लंघन किया गया है, तो वह उपनियम (2) के अधीन प्रक्रिया का अनुसरण करने के पश्चात्, यथास्थिति, भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 अधिनियम के अध्याय–7 और इन नियमों के अध्याय–5 के उपबन्धों के अनुसार शास्ति अधिरोपित कर सकेगा।

(4) इस नियम के अधीन कार्यकाल की समाप्ति पर, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण, इसके कार्यकाल की अवधि के दौरान जनित समस्त आंकडे राज्य सरकार को अन्तरित करेगा। केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण इसके कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात्, यह अपने कार–बार के लिए अथवा चाहे किसी अन्य प्रयोजन के लिए, कार्यकाल की अवधि के दौरान जनित आंकड़ों का उपयोग नहीं करेगा या उपयोग नहीं करवाएगा।

9. केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के कर्त्तव्य.––केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगा,––

(क) मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी के परामर्श से रजिस्ट्रीकरण महानिरीक्षक, उच्च न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायालय, उपमण्डलीय सिविल न्यायालय तथा प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों अर्थात् न्यायालय फीस के संदाय के लिए सम्पर्क स्थल के कार्यालयों में और मुख्य नियन्त्रण प्राधिकारी द्वारा, यथाविनिर्दिष्ट राज्य के अन्य अभिहित स्थलों या कार्यालयों में डाटा सेंन्टर और साफ्टवेयर अवसंरचना, जिसमें मुख्य सर्वर के साथ इसका संयोजन भी सम्मिलित है, ई–न्यायालय फीस स्टाम्पिंग आवेदन के लिए हार्डवेयर उपलब्ध करवाना;

(ख) मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा यथा नियुक्त विभाग के कर्मियों और अन्य जनशक्ति की प्रणाली के संचालन और उपयोग के लिए उपयुक्त और पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना;

(ग) न्यायालय फीस के संग्रहण और ई–न्यायालय फीस प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र के चयन में सुविधा प्रदान करना;

(घ) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण, प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र (बैंक आदि) के केन्द्रीय सर्वर और रजिस्ट्रीकरण महानिरीक्षक, उच्च न्यायालय, जिला और सत्र न्यायाधीश, उपमण्डलीय सिविल न्यायालय के कार्यालयों या मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा यथाविनिर्दिष्ट राज्य के किन्ही अन्य कार्यालय अथवा स्थान के मध्य तालमेल (समन्वय) बनाना;

(ङ) न्यायालय फीस का संग्रहण करना और इन नियमों के अध्याय–4 के उपबन्धों के अनुसार राज्य के विहित मुख्य शीर्ष में इसे प्रेषित करना;

(च) इन नियमों के अधीन यथा अपेक्षित और मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा समय–समय पर निदेशित, विभिन्न रिपोर्टो को तैयार करना तथा उपलब्ध करवाना;

(छ) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण, मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी की लिखित अनुज्ञा के बिना, सम्यक् रुप से नियुक्त प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों के सिवाय, राज्य में इसके द्वारा ली गई ई–स्टाम्पिग की बाबत, किसी हार्डवेयर, साफ्टवेयर और किसी अन्य प्रौधोगिकी या ब्यौरों को, किसी व्यक्ति को उपलब्ध, अन्तरित या उसे सांझा (शेयर) नहीं करेगा;

(ज) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिरक्षण, ई–न्यायालय फीस एप्लेकेशन को सीईआरटी–इन की एक सूचिबद्ध अभिकरण से उसकी सुरक्षा संवीक्षा करवाने के पश्चात डिप्लॉई करेगा। अनुवर्ती सुरक्षा संवीक्षा वहां भी अपेक्षित होगी जहां ई–न्यायालय फीस ऐप्लेकेशन साफटवेयर में कोई परिवर्तन किया जाता है; और

(झ) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण ई–स्टाम्पिग के लिए समर्पित सर्वर की समस्त गतिविधियों का अभिलेख (लॉग) तैयार करेगा और सीआरटी–इन के सुरक्षा मार्गदर्शक सिद्धान्तो का भी

नियमित आधार पर अनुसरण करेगा। समस्त प्रणाली अभिलेख (सिस्टम लॉग) को समुचित रूप से अभिरक्षित किया जाएगा और नियमित विश्लेषण, दोष दूर करने (ट्रबलशूटिंग) और डाटा की पुनरू प्राप्ति (रिकवरी) और अन्बेषण के लिए पुरालिखित (आर्काइबड)।

10. केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण को संदत्त की जाने वाली कमीशन या छूट.––(1) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण, ई–स्टाम्पिग प्रणाली के माध्यम से संगृहीत न्यायालय फीस की रकम पर कमीशन की करार पाई गई प्रतिशता या छूट का हकदार होगा। कमीशन अथवा छूट की दरों को राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा ।

(2) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के लिए कमीशन या छूट, इन नियमों के नियम 20 की शर्तों के अध्यधीन होगी।

11. केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले साफ्टवेयर का विनिर्देश.– (1) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण, मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी के परामर्श से, ई–न्यायालय प्रमाण–पत्र के निम्नलिखित न्यूनतम ब्यौरों को उपदर्शित करने के लिए ऐसे साफ्टवेयर को परिकल्पित तथा उसका उपयोग करेगी,––

(क) प्रत्येक ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र के लिए विशिष्ट क्रम संख्या या विशिष्ट (यूनीक) पहचान संख्या (यू आई एन);

(ख) ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र को जारी करने की तारीख और समय;

(ग) ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी करने वाली शाखा या केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र का कोड और अवस्थिति;

(घ) विशिष्ट (यूनीक) संदर्भ संख्या;

(ङ) ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र के माध्यम से संदत्त न्यायालय फीस की रकम शब्दों और अंकों में;

(च) ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र प्राप्त करने वाले क्रेता अथवा प्राधिकृत व्यक्ति का नाम और पता;

(छ) ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र का कोई अन्य सुभिन्न चिन्ह, उदाहरणार्थ सूक्ष्म अंकित (माइकोप्रिन्ट) तथा डिजिटल आप्टीकल वाटर मार्क के साथ बार कोड या सुरक्षा कोड; और

(ज) ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र, इन नियमों के प्रारूप–6 में होगा;

(2) उप–नियम (1) के अतिरिक्त, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण, निम्नलिखित उपबन्ध भी करेगी,––

(क) ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी करने वाले कर्मचारी की यूजर–आई0डी0;

(ख) ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी करने वाले अधिकारी या केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के डिजिटल हाथ से किए गए हस्ताक्षर और मोहर (मुद्रा);

(ग) ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र प्राप्त करने वाले क्रेता या प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर;

(घ) ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र की अवाप्ति (पहुंच) हेतु वेब आधारित प्रसुविधा;

(ङ) किसी ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र के पुनः उपयोग को रोकने के लिए, उच्च न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायालय में, उप–मण्डलीय सिविल न्यायालयों या मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा

नियुक्त किसी अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र को बन्द करने (लॉक करने) के लिए पासवर्ड तथा कोड;

(च) उपलब्ध पुरानी प्रमाण–पत्र संख्या के अन्तर्गत, अतिरिक्त ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र क्रय करने के लिए विकल्प;

(छ) 'नष्ट' या 'अप्रयुक्त' या 'उपयोग के लिए अनुपयुक्त' अनपेक्षित ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र को रदद करने की प्रसुविधा;

(ज) किसी ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र को खोजने और देखने हेतु और मैनेजमेन्ट इन्फारमेशन सिस्टम (एम0आई0एस0) तथा डिसीजन सपोर्ट सिस्टम रिपोर्टस (डी0एस0एस0आर0) तक पहुंचने के लिए विभाग के प्राधिकृत कर्मचारियों के लिए पासवर्ड्स तथा कोड;

(झ) अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा अनुरक्षित ई–स्टाम्पिग सर्वर (इएसएस) पर जारी ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र के ब्यौरे; और

(ञ) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के वैब साइट पर नियम 43 में यथाविर्दिष्ट ई–स्टाम्पिग से सम्बन्धित विभिन्न संव्यवहार के विवरणों तथा रिपोर्टों की उपलब्धता, जो केवल मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत अधिकारियों की पहुंच में होंगी।

अध्याय–3

प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र (ए0सी0सी0ज़)

12. प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र.––केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण, न्यायालय–फीस संगृहीत करने के लिए और ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी करने हेतु, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण तथा न्यायालय–फीस प्रदाता के मध्य एक मध्यवर्ती के रुप में कार्य करने हेतु, मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों को अधिसूचित करेगा। प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों को संदेय सेवा प्रभार या कमीशन या फीस आदि का विनिश्चय, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण तथा प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों के मध्य, अपने स्तर पर उनसे करार पाई गई शर्तों के अनुसार किया जाएगा।

13. प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र को अधिसूचित करने के लिए पात्रता.– भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियन्त्रित कोई राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक या केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा नियन्त्रित वित्तीय संस्था या उपक्रम या डाकघर या केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के कार्यालय अथवा शाखाएं अथवा मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा यथा अनुमोदित ऐसे अन्य अभिकरण, प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र के रुप में अधिसूचित किए जाने के लिए पात्र होंगे।

14. प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र के अभिकरण की समाप्ति (पर्यवसान).– मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी, किसी भी समय, कारणों को लिखित में अभिलिखित करके, किसी भी प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र के अभिकरण को समाप्त (पर्यवसित) करने के लिए केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण को निदेशित कर सकेगा और ऐसे निदेश पर, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण इस प्रकार प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र के अभिकरण को समाप्त (पर्यवसित) कर देगा।

15. केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण और प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों द्वारा न्यायालय–फीस का संग्रहण.––(1) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र के समस्त कार्यालय या शाखाएं, न्यायालय फीस प्रदाता से, यथास्थिति, उच्च न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायालय, उप–मण्डलीय सिविल न्यायालय स्तर पर और मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा यथाविनिर्दिष्ट स्थानों पर, न्यायालय फीस की रकम संगृहीत करेंगे।

(2) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण और प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों की समस्त शाखाएं, इन्टरनेट के माध्यम से, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा आबंटित सुभिन्न पहचान संख्या तथा एक गुप्त

पासवर्ड का प्रयोग करके मुख्य सर्वर तक पहुंचेंगी। पासवर्ड को सर्वथा गोपनीय रखा जाएगा और सम्बद्ध प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र, गोपनीयता को बनाए रखने के लिए इसके आबंटन के पश्चात्, इसे तत्काल बदल देंगे।

16. ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए लेखन सामग्री प्रभार.– प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र, ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र क्रेता से लेखन सामग्री आदि के लिए निम्नलिखित स्तर के अनुसार फीस प्रभारित करेंगे:–

न्यायालय फीस की रकम (रुपयों में)	**लेखन सामग्री प्रभार**
(1) 100 / –रुपए तक	3 / –रुपए प्रति ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र
(2) 100 / –रुपए से अधिक और 1000 / –रुपए तक	5 / –रुपए प्रति ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र
(3) 1000 / –रुपए से अधिक	10 / –रुपए प्रति ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र

17. अवसंरचना.––प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र, अपेक्षित कम्प्यूटर प्रणालियों, प्रिंटरज, इन्टरनेट कनेक्टिविटी (सम्बद्धता) तथा अन्य सम्बन्धित अवसंरचना से सुसज्जित होंगे, जो मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी के परामर्श से, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा यथा विनिर्दिष्ट ई–न्यायालय फीस ई स्टाम्पिंग को लागू (कार्यान्वित) करने के लिए आवश्यक हैं कम्प्यूटर प्रणाली तथा कनेक्टिविटी की आकृति (विन्यास), केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के विनिर्देशों को पूरा करेगी और जो मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी को पूर्व सूचना से परिवर्तन के अध्यधीन हो सकेगी।

18. अवसंरचना की लागत.––नियम 17 में निर्दिष्ट उपकरण और अवसंरचना उपलब्ध करवाने की लागत, सम्बद्ध प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों द्वारा वहन की जाएगी।

19. विभाग के कार्यालय में हार्डवेयर और अवसंरचना.– राज्य सरकार, रजिस्ट्रीकरण महानिरीक्षक, उच्च न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायालयों, उप–मण्डलीय सिविल न्यायालयों के कार्यालयों तथा इस निमित्त प्राधिकृत ऐसे अन्य कार्यालयों में आवश्यक हार्डवेयर और अवसंरचना, उपलब्ध करवाएगी जिसमें ई–न्यायालय फीस स्टाम्पिंग को लागू करने के लिए यथा अपेक्षित पर्सनल कम्प्यूटर, प्रिंटर, बार कोड स्कैनर, इन्टरनैट कनैक्शन भी सम्मिलित होंगे।

अध्याय–4

ई–न्यायालय फीस का राज्य सरकार के लेखे में प्रेषण

20. ई–न्यायालय फीस की रकम को राज्य सरकार के लेखे में जमा करने की प्रक्रिया.– केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण, अपने कार्यालयों तथा शाखाओं या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों के माध्यम से संगृहीत की गई ई–न्यायालय फीस की समेकित रकम का लेखा शीर्ष "0030–कोर्ट फीस स्टाम्प" अथवा राज्य के किसी अन्य अधिसूचित लेखा शीर्ष में, निम्न रूप से विहित रीति में समाधान करने और जमा करने के लिए उत्तरदायी होगा,––

(क) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण न्यायालय फीस ई–स्टाम्पिंग के माध्यम से इस प्रकार संगृहीत न्यायालय फीस की समेकित रकम को, करार पाई गई कमीशन या छूट की कटौती के पश्चात्, इस प्रकार के संग्रहण की तारीख के अगले कार्यदिवस के कामकाज का समय बंद होने के अपश्चात् उपर्युक्त मुख्य शीर्ष में जमा करेगा।

(ख) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा ई–न्यायालय फीस की रकम को राज्य के लेखा शीर्ष में जमा करने की रीति, इलैक्ट्रोनिक क्लीयरिन्ग सिस्टम (ई0सी0एस0) या ऑनलाइन बैंकिन्ग

फण्ड ट्रांसफर या चालान या अन्यथा जैसी मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा लिखित में निदेशित की जाए, के माध्यम से होगी।

(ग) इस नियम में निर्दिष्ट जमा (निक्षेप), राज्य सरकार के कोष अथवा प्राधिकृत बैंक (कों) को किए जाएंगे और केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण, प्ररुप–3 में यथाविनिर्दिष्ट रजिस्टर में, इस प्रकार के जमा (निक्षेपों), का दैनिक लेखा–जोखा रखेगा।

अध्याय–5

लोप और अतिक्रमण के लिए शास्ति

21. सरकारी लेखे को प्रेषण में देरी के लिए शास्ति.––केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के, नियम 20 के खण्ड (क) में यथा नियत अवधि के भीतर, सरकारी कोष में ई–न्यायालय फीस के लेखे संगृहीत रकम को जमा करने में असफल रहने की दशा में, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण निम्नलिखित मापदण्ड के अनुसार न्यायालय फीस की संगृहीत रकम के साथ–साथ देरी के लिए शास्ति संदत्त करने हेतु दायी होगाः––

देरी की अवधि	शास्ति
(1) जब संगृहीत ई–न्यायालय–फीस की रकम तीसरे दिन या संग्रहण की तारीख के पश्चात प्रेषित की गई हो;	केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण को संदेय कमीशन या छूट की पूर्ण रकम।
(2) जब ई–न्यायालय–फीस की इस प्रकार संगृहीत रकम संग्रहण की तारीख से आठवें दिन की समाप्ति (अवसान) की पश्चात् प्रेषित की गई हो;	संगृहीत ई–न्यायालय–फीस की रकम का एक प्रतिशत, प्रतिदिन के हिसाब से, संयोजित शास्ति अधिरोपित की जाएगी। इस प्रयोजन के लिए प्रथम दिन संव्यवहार का दिन होगा।

22. शास्ति को शिथिल करने या छूट (माफी) देने की शक्ति.––मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी, नियम 21 के अधीन पूर्ण शास्ति, या उसके भाग को, अपरिहार्य परिस्थितियों में या युक्तियुक्त नियन्त्रण से परे उत्पन्न किसी कारण से, जिसमें दैवी घटनाएं, सिविल या मिलिटरी प्राधिकरण के कार्यकलाप, आगजनी, महामारी, युद्ध, आतंकवादी कृत्य, दंगे, भूकम्प, तूफान, ज्वार–भाटा, बाढ़ भी शामिल हैं, शिथिल कर सकेगा अथवा छूट (माफी) दे सकेगा। इस प्रकार की कोई देरी होने की स्थिति में, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करने के लिए दिए गए समय को, देरी के कारण बीत चुके समय के बराबर अवधि के लिए बढ़ाया जाएगा।

23. विवादों का समाधान.––इन नियमों के अधीन पक्षकारों के मध्य किसी विवाद्यक पर उत्पन्न हुए किसी विवाद की दशा में, मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी को निर्दिष्ट किया जा सकेगा और इस पर उसका विनिश्चय अन्तिम होगा।

अध्याय–6

ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए प्रक्रिया

24. ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र की प्राप्ति.–– न्यायालय–फीस संदत्त करने वाला कोई भी व्यक्ति, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण अथवा प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र की किसी शाखा पर पहुंचेगा और ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के लिए न्यायालय–फीस के संदाय के साथ प्ररुप–4 में वांछित (अपेक्षित) विवरण देगा।

25. न्यायालय–फीस के संदाय की रीति (ढंग).––(1) ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र क्रय करने के लिए संदाय, नकद, अदायगी आदेश, बैंक ड्राफ्ट, इलेक्ट्रोनिक क्लीयरिन्ग सिस्टम, रियल टाइम ग्रॉस सैटलमैन्ट या मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत निधि अन्तरण की किसी भी अन्य रीति द्वारा किया जा सकेगा।

(2) प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र, उप–नियम (1) के अधीन प्राप्त रकम के लिए ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी करेगा।

(3) प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र या केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण, प्ररुप–5 में उन द्वारा अनुरक्षित रजिस्टर में, जारी किए गए ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्रों का दैनिक लेखा–जोखा रखेंगे और रजिस्टर के सुसंगत स्तम्भ पर, यथास्थिति, क्रेता या प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर लेंगे।

26. ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए शर्तें और रीति (ढंग).––(1) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण और प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र, यह सुनिश्चित करेंगे कि वह व्यक्ति जिसे ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी करने हेतु प्राधिकृत किया गया है, वह उनके अभिकरण या संस्था का नियमित पूर्णकालिक कर्मचारी है और उपयुक्त प्रत्यय पत्र रखता है।

(2) यथास्थिति, प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र या केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण का प्राधिकृत कर्मचारी, नियम 25 के अधीन किए गए संदाय पर, कम्प्यूटर प्रणाली में आवेदक द्वारा आवेदन प्ररुप 4 पर उपलब्ध करवाई गई अपेक्षित सूचना और ब्यौरों को प्रविष्ट करेगा, इस प्रकार के प्रविष्ट ब्यौरों के शुद्धिकरण को आवेदक द्वारा सत्यापित करवाएगा, ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र को डाउनलोड करेगा, इसका प्रिन्ट निकालेगा, ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र के दायीं ओर नीचे की ओर तारीख के साथ हस्ताक्षर करेगा और कार्यालय मोहर (मुद्रा) लगाएगा तथा सत्यापन के साक्ष्य के तौर पर ई–कोर्ट फीस प्रमाण–पत्र की बायीं ओर आवेदक के हस्ताक्षर करवाने के पश्चात् उसे जारी करेगा।

(3) ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी करने हेतु, न घुलने वाली पक्की काली स्याही या ऐसा ही अन्य उचित रंग तथा शेड, जैसा मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाए, का उपयोग किया जाएगा। प्रत्येक ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र का प्रिण्ट (छपाई) चमकीला, स्पष्ट और विशिष्ट होगा तथा अतिव्यापी (ओवरलैपड) नहीं होगा। निर्गम अधिकारी का नाम और पदनाम दर्शाती मुद्रा एवं हस्ताक्षर और निर्गम शाखा का नाम, अधिमानतः काली स्याही में लिखा जाएगा।

27. कागज का आकार तथा ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र का मुद्रित क्षेत्र.––नियम 11 के उप नियम (1) के खण्ड (1) के अधीन यथाविनिर्दिष्ट ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र, 21.5×34.5 सैंटीमीटर आकार के लीगल साइज कागज पर, बायीं ओर 3.5 सैंटीमीटर, दायीं ओर 1.5 सैंटीमीटर तथा कागज के शीर्ष पर 2.0 सैंटीमीटर के हाशिया (उपान्त) के साथ या ऐसे अन्य आकार अथवा मार्जिन पेपर पर, जैसा मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा अवधारित किया जाए, मुद्रित या जनित किया जाएगा।

28. वैबसाइट पर ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र के ब्यौरे.––जारी किए गए प्रत्येक ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र के ब्यौरे, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा अनुरक्षित ई–स्टाम्पिंग सर्वर (ई0–एस0एस0) पर उपलब्ध करवाए जाएगें और यह मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी जिसमें रजिस्ट्रीकरण महानिरीक्षक, उच्च न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायालय और उप–मण्डलीय सिविल न्यायालय भी हैं, द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी भी व्यक्ति, जो वैध कोड तथा पासवर्ड रखता हो, जिसे केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा, की पहुंच में होगा।

29. अतिरिक्त न्यायालय–फीस का संदाय.––यदि किसी कारणवश कोई व्यक्ति, जिसके पास किसी लिखत के लिए जारी निश्चित अभिधान का ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र है, उसी लिखत पर अतिरिक्त न्यायालय फीस संदत्त करना आवश्यक समझता है, तो वह नियम 25 के उपबन्धों के अनुसार, प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र को अतिरिक्त न्यायालय–फीस के साथ प्ररुप–4 पर आवेदन करेगा।

30. अतिरिक्त ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए प्रक्रिया.––प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र या केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण नियम 26 और 27 के अनुसार कागज की पृथक शीट पर अतिरिक्त ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी करेगा।

31. ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र का उपयोग.––(1) समस्त प्रकार के न्यायालय मामलों जैसे वादपत्र, रिट पिटिशन/अपीलें आदि ई–न्यायालय फीस प्रमाण पत्र सहित स्टांपित और छापित कागज पर

ऐसी रीति में लिखी जाएंगी ताकि ई–न्यायालय फीस प्रमाण पत्र ऐसे वादपत्र/रिट पिटिशनज आदि के मुख पृष्ठ के शीर्ष पर प्रकट हो।

32. ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र की विशिष्ट एकमात्र पहचान संख्या (यू0आई0एन0).–– ई–न्यायालय फीस प्रमाणपत्र की विशिष्ट एकमात्र पहचान संख्या वादपत्र/रिट पिटिशन/अपील आदि के मुख पृष्ट के शीर्ष पर दायीं ओर लिखी या टॅकित की जाएगी।

33. ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र के ब्यौरों का सत्यापन और लॉकिंग.––(1) प्राधिकृत अधिकारी, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण की सुसंगत वैबसाईट पर प्रवेश करके और एकमात्र (यूनीक) पहचान संख्या (यू0आई0एन0) की प्रविष्टि करके या बार कोड स्कैनर के प्रयोग की सहायता से, ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र की सत्यता (शुद्धता) अथवा प्रामाणिकता का सत्यापन करेगा। प्राधिकृत अधिकारी ऐसे सत्यापन के पश्चात् न्यायालय मामले/अपील आदि को दायर करने की अगामी प्रक्रिया अपनाएगा और न्यायालय मामले/अपील आदि स्वीकार करने के पश्चात्, इस प्रकार के ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र के पुनः उपयोग को रोकने के लिए केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा उपलब्ध करवाये गए कोड तथा पासवर्ड का प्रयोग करके, उक्त ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र को लॉक करेगा।

(2) वैकल्पिक दायर करने योग्य न्यायालय मामलों/अपील या किसी अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग हेतु अपेक्षित किसी ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र को, उच्च न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायालय, उप–मण्डलीय सिविल न्यायालय के प्राधिकृत अधिकारी से या मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा यथा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी से अधिमानतः सत्यापित या अधिप्रमाणित और लॉक किया जा सकेगा।

(3) उच्च न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायालय, उप–मण्डलीय सिविल न्यायालय के प्राधिकृत अधिकारी या मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा यथा प्राधिकृत ऐसे किसी अन्य अधिकारी का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह किसी ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र की प्रामाणिकता या शुद्धता का सत्यापन करे।

अध्याय–7

ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र का प्रतिदाय (रिफंड) या मोक (अलाउअन्सिज)

34. 'ई–न्यायालय फीस के प्रतिदाय हेतु प्रक्रिया.––(1) अपील के ज्ञापन, निर्णय के पुनरीक्षण हेतु आवेदन, और जहां न्यायालय गलती के आधार पर अपने पूर्ववर्ती निर्णय को प्रत्यावर्तित या रूपान्तरित करता है पर संदत्त फीस के प्रतिदाय हेतु प्रक्रिया के लिए आवेदन ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र सहित, अधिनियम के अध्याय–3 के अनुसार नियत अवधि के भीतर जिला कलक्टर को किया जाएगा। आवेदन, अपील के ज्ञापन, निर्णय के पुनरीक्षण के लिए आवेदन, और जहॉ न्यायालय गलती के आधार पर अपने पूर्ववर्ती निर्णय को प्रत्यावर्तित या रूपान्तरित करता है पर संदत्त फीस के मूल ई–न्यायालय फीस प्रमाण–प्रत्र के साथ किया जाएगा।

(2) जिला कलक्टर सत्यापन करने के पश्चात केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण की सुसंगत वैबसाईट पर प्रवेश करके ई–न्यायालय फीस प्रमाणपत्र को रद्द और लॉक और सत्यापित करेगा, रद्दकरण के तथ्य की पुष्टि करेगा, मूल ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र पर "रदद्" अंकित करके अपने हस्ताक्षर और मुहर लगाएगा तथा संदत्त की गई न्यायालय फीस की सम्पूर्ण रकम का प्रतिदाय करेगा।

(3) जिला कलक्टर रदद् किए गए ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्रों का अपने कार्यालय में अभिलेख रखेगा तथा मूल रदद् ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र संरक्षण नस्ति (गार्ड फाइल) में, कार्यालय अभिलेख के लिए रखा जाएंगा। इसकी रिपोर्ट, प्रत्येक मास के पहले सप्ताह में मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी को प्रेषित की जाएगी।

(4) प्रतिदाय, यदि उपनियम (2) के अधीन अनुज्ञात किया गया हो, तो जिला कलक्टर द्वारा, उस व्यक्ति के पक्ष में, जिसके नाम पर ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी किया गया था, प्रतिदाय वाउचर या चैक के माध्यम से किया जाएगा।

अध्याय–8

प्रणाली के निष्पादन का निरीक्षण, लेखा परीक्षण तथा मूल्यांकन

35. निरीक्षण.––(1) जिला कलक्टर या उसके कार्यालय का कोई प्राधिकृत अधिकारी, जो अधिनियम के अधीन नियुक्त जिला राजस्व अधिकारी से नीचे की पंक्ति का न हो, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण आरै उसकी अपनी अधिकारिता के भीतर स्थित प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों की किन्हीं या सभी शाखाओं या कार्यालय (यों) का वर्ष में कम से कम दो बार निरीक्षण करेगा।

(2) मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी, तथापि, किसी भी समय, कोई परिवाद (शिकायत) प्राप्त होने पर अथवा स्वप्रेरणा से, विभाग के किसी अधिकारी को केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र की किसी शाखा या कार्यालय का निरीक्षण करने का निदेश दे सकेगा तथा ऐसे निदिष्ट किए गए अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहेगा।

(3) महालेखाकार, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा प्राप्तियों और प्रेषणों का, नियमित वार्षिक लेखा परीक्षण भी कर सकेगा।

(4) मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी या उसके द्वारा सम्यक् रुप से प्राधिकृत अधिकारी को, राज्य में अथवा राज्य के बाहर स्थित केन्द्रीय अभिलेख सुरक्षा अभिकरण की किसी भी शाखा (ओं) अथवा कार्यालय (यों), जिसमें राज्य में स्थित प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र की शाखा (यें) भी सम्मिलित शामिल हैं, जो राज्य से सम्बन्धित ई–स्टाम्पिंग प्रणाली का कार्य कर रहे हों, के सुसंगत अभिलेखों का बिना कोई नोटिस दिए, उनके सुविधाजनक समय पर, निरीक्षण करने की शक्तियां होंगी।

36. सूचना उपलब्ध करवाना.––केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण तथा प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र का प्रभारी अधिकारी, निरीक्षण करने वाले अधिकारी को किसी भी अवधि से सम्बन्धित न्यायालय फीस संग्रहण तथा प्रेषण की बाबत किसी इलैक्ट्रॉनिक या डिजिटल अभिलेख की सॉफ्ट या हार्ड प्रति की सूचना उपलब्ध करवाएगा और सम्बद्ध केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र ऐसी सूचना उपलब्ध करवाने के लिए बाध्य होगा।

37. निरीक्षण रिपोर्ट.––निरीक्षण अधिकारी, निरीक्षण की तारीख से दो सप्ताह के भीतर, अपनी निरीक्षण रिपोर्ट मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

38. मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा समुचित कार्रवाई का किया जाना.––मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी ऐसी निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने पर, इन नियमों के अध्याय–5 के अनुसार शास्ति अधिरोपित करने सहित, समुचित कार्रवाई कर सकेगा तथा सुनवाई का अवसर देने के पश्चात्, यदि समुचित आधार हो, तो केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र की नियुक्ति समाप्त (पर्यवसित) कर सकेगा।

अध्याय–9

मध्यस्थम् और लोक शिकायत निवारण प्रणाली

39. परिवाद (शिकायत) निवारण अधिकारी.––जिला कलक्टर और जिला राजस्व अधिकारी, ई–स्टाम्पिंग प्रणाली के कार्यान्वयन के सम्बंध में केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र या किसी अन्य कर्मचारी द्वारा किए गए अवचार या अनियमितता के विरुद्ध प्राप्त परिवाद (शिकायत) की जांच करने के लिए 'परिवाद (शिकायत) निवारण अधिकारी' होगा।

40. परिवाद (शिकायत) निवारण अधिकारी को शिकायत.––कोई व्यक्ति, जिसे इन नियमों के कार्यान्वयन की बाबत केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण या इसके किसी प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र या किसी अन्य कर्मचारी की सेवाओं के विरुद्ध कोई शिकायत हो, तो वह सम्बन्धित परिवाद (शिकायत) निवारण अधिकारी को शिकायत कर सकेगा।

41. सुनवाई का अवसर.––परिवाद (शिकायत) निवारण अधिकारी, नियम 40 के अधीन प्राप्त शिकायतों (परिवादों) की बाबत, सम्बद्ध पक्षकारों को सुनवाई का एक अवसर देकर, जांच करेगा तथा पूरे तथ्यों और निष्कर्ष सहित जांच रिपोर्ट मुख्य नियन्त्रक अधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

42. जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई.––मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र के विरुद्ध जांच रिपोर्ट पर समुचित कार्रवाई करेगा या सम्बद्ध कर्मचारी के नियोक्ता को समुचित कार्रवाई करने हेतु, उपयुक्त सिफारिश करेगा।

अध्याय–10

प्रबंधन सूचना प्रणाली (एम0आई0एस0)/विनिश्चय समर्थन प्रणाली (डी0एस0एस0)

43. केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा विभाग को रिपोर्टें प्रस्तुत करना.––(1) न्यायालय फीस ई–स्टाम्पिंग प्रणाली के माध्यम से संगृहीत तथा सरकारी लेखे में प्रेषित न्यायालय–फीस का पूर्ण विवरण, केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा, दिन–प्रतिदिन आधार पर, अभिलिखित किया जाएगा तथा यह निम्नलिखित सूचना और रिपोर्ट मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी तथा किसी अन्य प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत करेगाः––

(*i*) लेखा परीक्षा रिपोर्टें;

(*ii*) संदाय रिपोर्टें;

(*iii*) अतिरिक्त न्यायालय–फीस प्रमाणपत्र रिपोर्टें;

(*iv*) लाक्ड ई–न्यायालय फीस प्रमाण पत्र रिपोर्ट;

(*v*) प्रेषण रिपोर्टें;

(*vi*) रदद् किए गए ई–न्यायालय फीस प्रमाणपत्र रिपोर्ट; और

(*vii*) कोई अन्य रिपोर्ट या सूचना, जो मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा समय–समय पर अपेक्षित हो।

(2) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा इन्टरनैट के माध्यम से ई–स्टाम्पिंग प्रणाली के आंकड़ों से उपनियम (1) के अधीन प्रबन्धन सूचना प्रणाली/विनिश्चय समर्थन प्रणाली की रिपोर्ट का उद्धरण उपलब्ध करवाया जाएगा।

अध्याय–11

ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र की परिधि, विस्तार और उपयोग

44. ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र की परिधि, विस्तार और उपयोग.––न्यायालय फीस द्वारा फीस और छापी जाने या चिपकाई जाने वाली स्टाम्पों के अतिरिक्त, समस्त प्रकार के न्यायालय मामलों जैसे कि याचिका/रिट पिटिशन/अपील आदि, जिनकी न्यायालय फीस अधिनियम के अधीन और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन संदेय है के लिए ई–न्यायालय फीस चालान का उपयोग किया जाएगा/जाना है।

आदेश द्वारा,
तरूण श्रीधर,
अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व)।

प्ररुप–I

नियम 6 (1) देखें,

करार

यह करार वित्तायुक्त (राजस्व) हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा उसकी ओर से मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी के रुप में सम्यक् रुप से प्राधिकृत महानिरीक्षक, रजिस्ट्रीकरण, जिसका कार्यालय ब्लॉक 28, एस0डी0ए0 कम्पलैक्स, कसुम्पटी शिमला–171009, हिमाचल प्रदेश में स्थित है (जिसे इसमें इसके पश्चात् प्रथम पक्षकार कहा गया है, आरै इसके अन्तर्गत उनके पदोत्तरवर्ती और समनुदेशिती भी हैं) के माध्यम से हिमाचल प्रदेश सरकार और ..... (केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण का नाम) जिसका कार्यालय ....में है, के बीच उक्त अभिकरण द्वारा इस करार को कार्यान्वित करने के लिए सम्यक् रुप से प्राधिकृत श्री ..... (जिसे इसमें इसके पश्चात् द्वितीय पक्षकार कहा गया है, और इसके अन्तर्गत उसके उत्तरवर्ती, समनुदेशिती और प्रतिनिधि भी है), के माध्यम से आज तारीख..... .....को शिमला में किया गया है।

प्रथम पक्षकार और द्वितीय पक्षकार को पक्षकारों के रुप में एक साथ निर्दिष्ट किया गया है।

केन्द्र सरकार की सिफारिश पर या सम्यक् बोली प्रक्रिया के पश्चात्, द्वितीय पक्षकार को, प्रथम पक्षकार द्वारा, सरकार की अधिसूचना संख्या .....तारीख ..... द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार को ई–न्यायालय फीस प्रमाण पत्र जारी करने के लिए उसकी ऊपरी शाखाओं या कार्यालयों और प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों (जिन्हे इसमें इसके पश्चात् ए.सी.सी. कहा गया है) को कम्पयूटराइज्ड न्यायालय फीस ई–स्टाम्पिंग प्रणाली से हिमाचल प्रदेश सरकार को न्यायालय फीस के संदाय को निर्दिष्ट करने के लिए इस प्रकार न्यायालय फीस ई–स्टाम्पिंग प्रणाली के माध्यम से इस प्रकार संगृहित न्यायालय फीस के संदाय के विरूद्ध.....प्रतिशत की दर से कमीशन या छूट पर, नियुक्त किया गया है।

और द्वितीय पक्षकार ने हिमाचल प्रदेश राज्य में केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रुप में कार्य करने आरै ई–कोर्ट फीस प्रमाणपत्र के अंतिम क्रेता से हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से ई–न्यायालय फीस के संग्रहण हेतु एक प्रणाली विकसित करने के लिए सहमति दी है।

अतः एतद्द्वारा, पक्षकारों द्वारा और उनके मध्य यह करार किया जाता है किः––

1. द्वितीय पक्षकार, ने प्रथम पक्षकार के परामर्श से महानिरीक्षक रजिस्ट्रीकरण, हिमाचल प्रदेश, उच्च न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायालयों, उप–मण्डलीय सिविल न्यायालयों के कार्यालयों और प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों में मेन सर्वर के साथ इसके संयोजन अर्थात् न्यायालय–फीस के संदाय के लिए सम्पर्क स्थान बनाने तथा मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा यथा विनिर्दिष्ट राज्य के अन्य नामनिर्दिष्ट स्थानों या कार्यालयों में आवश्यक आधार साफ्टवेयर तैयार करने के लिए सहमति दी है।

2. द्वितीय पक्षकार न्यायालय–फीस के संग्रहण हेतु और ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र का चयन करने को सुकर बनाएगा।

3. द्वितीय पक्षकार, केन्द्रीय सर्वर, प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् ए0सी0सी0 कहा गया है) और महानिरीक्षक रजिस्ट्रीकरण, उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश, जिला एवं सत्र न्यायालय, उप–मण्डलीय सिविल न्यायालय के कार्यालयों या राज्य में कोई अन्य कार्यालय या स्थान, जैसे मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट, किए जाए, के मध्य एक समन्वयक के रुप में कार्य करेगा।

4. द्वितीय पक्षकार, प्रथम पक्षकार की ओर से न्यायालय–फीस संगृहीत करेगा तथा कम्प्यूटर प्रणाली के माध्यम से ई–न्यायालय फीस प्रमाण–पत्र तैयार करेगा।

5. द्वितीय पक्षकार, हिमाचल प्रदेश न्यायालय फीस (ई–स्टाम्पिंग) नियम, 2015 (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् नियम कहा गया है) के नियम 20 के अनुसार अपनी शाखाओं या अपने प्राधिकृत संग्रहण केन्द्रों के माध्यम से संगृहीत न्यायालय–फीस की समेकित रकम को राज्य सरकार के लेखे के सुसंगत शीर्ष में प्रेषित करने (भेजने) के लिए बाध्य होगा।

6. द्वितीय पक्षकार ऐसी रिपोर्टें तैयार करेगा और उपलब्ध करवाएगा जैसी प्रथम पक्षकार द्वारा समय–समय वांछनीय हों।

7. द्वितीय पक्षकार, प्रथम पक्षकार की लिखित अनुज्ञा के बिना, सम्यक् रुप से नियुक्त प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र के सिवाय, किसी अन्य को, राज्य में इसके द्वारा चलाई गई ई–न्यायालय फीस परियोजना के बारे में, किसी हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर तथा किसी अन्य प्रौद्योगिकी या ब्यौरे को उपलब्ध, अन्तरित अथवा साझा नहीं करेगा।

8. द्वितीय पक्षकार न्यायालय फीस ई–स्टाम्पिगं प्रणाली के माध्यम से संगृहीत न्यायालय फीस की राशि के .....प्रतिशत की सहमत दर से अधिक कमीशन या छूट प्रभारित नहीं करेगा। द्वितीय पक्षकार संगृहीत न्यायालय–फीस में से ऐसी कमीशन घटाएगा तथा बकाया राशि को राजकोष को भेजेगा। इसके अतिरिक्त द्वितीय पक्षकार को दी जाने वाली कमीशन या छूट, इन नियमों के नियम 20 के खण्ड (क) की शर्त के अध्यधीन होगी।

9. यदि द्वितीय पक्षकार नियत अवधि के भीतर, राज्य लेखा शीर्ष में संगृहीत न्यायालय–फीस की रकम को प्रेषित करने (भेजने में) विफल रहता है, तो द्वितीय पक्षकार नियमों के अध्याय–5 में यथाउपबंधित देरी के लिए शास्ति संदत्त करने के लिए दायी होगा।

10. द्वितीय पक्षकार इस करार के किन्हीं निबंधनों और शर्तों या इन नियमों के किन्हीं उपबंधों के अतिक्रमणों के कारण हिमाचल प्रदेश राज्य को कारित किसी हानि की क्षतिपूर्ति के लिए दायी होगा।

11. द्वितीय पक्षकार, प्रथम पक्षकार की पूर्व लिखित अनुज्ञा के बिना, न ही अपनी अवस्थिति में और न ही ए0सी0सी0 की संख्या में परिवर्तन करेगा।

12. प्रथम पक्षकार को, बिना किसी नोटिस के द्वितीय पक्षकार अथवा इसके ए0सी0सी0 के सुसंगत अभिलेखों का निरीक्षण करने की शक्ति होगी।

13. इस करार के निबंधन और शर्तों को उन परिस्थितियों, जिनका न्यायालय–फीस के संदाय और संग्रहण के सुचारु प्रचालन के लिए कोई ऐसा परिवर्तन आवश्यक हो, के आधार पर पक्षकारों द्वारा परिवर्तित अथवा बढ़ाया जा सकेगा।

14. द्वितीय पक्षकार यह सुनिश्चित करेगा कि कम्पयूटराइज्ड न्यायालय फीस ई–स्टाम्पिंग प्रणाली (सी0–सी.एफ.एस.एस.) की सेवा प्रचालित रहेगी तथा सोमवार से शनिवार के दौरान 9 बजे प्रातः से 5 बजे सांय किसी भी व्यक्ति को सुलभ होगी।

15. द्वितीय पक्षकार यह सुनिश्चित करेगा कि प्रणाली एक ही समय में, कम से कम चार सौ उपभोक्ताओं के लिऐ लॉग करने में सक्षम हो।

16. प्रणाली के प्रचालन तथा उपयोग के लिऐ विभाग की चिन्हित मानव शक्ति या कर्मचारियों को प्रथम पक्षकार द्वारा विनिश्चत स्थान पर द्वितीय पक्षकार द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, द्वितीय पक्षकार अपने खर्च पर, प्रशिक्षण का संचालन करने के लिए आवश्यक समस्त सुविधाएँ, उपस्कर तथा परिसर की व्यवस्था करने तथा करवाने के लिए उत्तरदायी होगा।

17. पक्षकारों द्वारा पारस्परिक रुप से विनिश्चित किए जाने वाले कालिक अन्तरालों पर, द्वितीय पक्षकार द्वारा प्रणाली के किसी उन्नयन, उपांतरण पर पुनश्चर्या की व्यवस्था की जाएगी।

18. इस करार में अंतर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए भी, पक्षकारों के नियन्त्रण से बाहर और ऐसी अन्य अपरिहार्य परिस्थितियों सहित, जिनमें दैविक घटनाएं, सिविल या मिलिटरी प्राधिकारियों की कार्रवाईयॉ, आग, महामारी, युद्ध, आतंकवादी घटनाएं, बलवा, भूकम्प, तूफान, बवंडर, बाढ़ भी शामिल है, से उदभूत कारणों से दायित्व के निर्वहन में असफलता, विलम्ब की दशा में, द्वितीय पक्षकार द्वारा अपना कार्य करने के समय को, ऐसे विलम्ब के कारण हुए समय के नुकसान के बराबर अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त यदि आकस्मिकता को प्रथम पक्षकार द्वारा जारी किए गए नोटिस पर या उक्त करार को दो माह से अधिक अवधि के लिए बढ़ाकर भी पूरी तरह से समाप्त न किया जा सकता हो, तो द्वितीय पक्षकार के उन अधिकारों के सिवाय, जिनके लिए वे व्यवस्थापन और अन्तिम लेखाकरण के हकदार हैं, करार को समाप्त कर करार के दायित्वों से मुक्त कर दिया जाएगा।

19. इस करार के अधीन या सम्बन्ध में, पक्षकारों के मध्य किसी प्रकार का विवाद या अन्तर या मतभेद या कोई दावा पैदा होने की स्थिति में, जहां तक सम्भव हो, आपसी समझौते द्वारा निपटाया जाएगा और ऐसा न होने की स्थिति में इस प्रकार के सभी विवाद मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी को निर्दिष्ट किए जाएंगे तथा इस पर उसका निर्णय अन्तिम होगा।

इसके साक्ष्यस्वरुप प्रथम पक्षकार की ओर से मुख्य नियन्त्रक प्राधिकारी के रुप में श्री ..... महानिरीक्षक रजिस्ट्रीकरण, हिमाचल प्रदेश तथा द्वितीय पक्षकार की ओर से श्री ..... ने इसमें उल्लिखित तारीख को इस पर अपने–अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं।

साक्षियों की उपस्थिति में :––

(1) हस्ताक्षर : (प्रथम पक्षकार)

नाम :

पता :

(2) हस्ताक्षर :

नाम :

पता :

साक्षियों की उपस्थिति में :––

(1) हस्ताक्षर : (द्वितीय पक्षकार)

नाम :

पता :

(2) हस्ताक्षर :

नाम :
पता :

स्थानः शिमला।

तारीखः.....

प्ररुप–2

नियम 6 (3) देखें,

(केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा 15/–रुपए की न्यायालय फीस पर निष्पादित किया जाएगा वचन–एवं–क्षतिपूर्ति बन्धपत्र)

